CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 129 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## बिहार में गूंजेगी राजस्थान की आवाज़ कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में गहलोत, पायलट और खेड़ा शामिल

**गहलोत बने सीनियर ऑब्जर्वर, प्रवासी राजस्थानी वोटर्स पर दोनों दलों की नज़र; बीजेपी नेताओं ने भी बिहार में डेरा डाला**



भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

बिहार विधानसभा चुनाव का रण अब राजस्थान तक पहुंच गया है। कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें राजस्थान के तीन बड़े चेहरे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट और कम्युनिकेशन सेल इंचार्ज पवन खेड़ा को जगह दी गई है।

गहलोत न सिर्फ कांग्रेस के स्टार प्रचारक होंगे, बल्कि वे महागठबंधन के लिए सीनियर ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। उन्हें बिहार में चुनावी रणनीति तैयार करने और सहयोगी दलों के बीच समन्वय की प्रमुख भूमिका सौंपी गई है।

### कांग्रेस ने राजस्थान को दी अहमियत

कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारकों में गहलोत, पायलट और खेड़ा के अलावा मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी, मीरा कुमार, चरणजीत सिंह चन्नी, तारिक अनवर, कन्हैया कुमार और अल्का लांबा जैसे दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

पार्टी का फोकस इस बार बिहार में बसे राजस्थान मूल के मतदाताओं पर है। गहलोत कैंप के नेताओं का मानना है कि प्रवासी राजस्थानियों का वोट कई सीटों पर निर्णायक साबित हो सकता है।

### बीजेपी ने राजस्थान के नेताओं को लिस्ट में नहीं दिया स्थान

वहीं दूसरी ओर, भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची दिवाली से पहले ही जारी की, लेकिन उसमें राजस्थान से किसी भी नेता को शामिल नहीं किया गया। इसके बावजूद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत सहित कई भाजपा नेता और मंत्री बिहार में सक्रिय रूप से प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। भाजपा नेताओं का फोकस भी प्रवासी राजस्थानियों पर है। वे एरिया-वाइज समूहों में बैठकर प्रचार रणनीति बना रहे हैं और राजस्थानी मूल के मतदाताओं से सीधे संपर्क में हैं।

### गहलोत का बिहार मिशन


अशोक गहलोत के लिए यह कोई नया रोल नहीं है। संगठन में उनकी रणनीतिक पकड़ को देखते हुए कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें बिहार चुनावों में सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है। गहलोत ने अपने भरोसेमंद नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक विशेष टीम बिहार भेजी है, जो प्रवासी व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और राजस्थानी मूल के मतदाताओं के साथ संपर्क साध रही है। सूत्रों के मुताबिक, गहलोत की प्राथमिकता है कि बिहार में कांग्रेस गठबंधन के साथ मजबूती से खड़ी दिखे और महागठबंधन के वोट बैंक को एकजुट किया जाए।

### प्रवासी वोटर्स बने दोनों दलों की रणनीति का केंद्र

बिहार के कई औद्योगिक इलाकों में बड़ी संख्या में राजस्थान मूल के लोग बसे हुए हैं। यही वजह है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों दल इस वोट बैंक को साधने की कोशिश में हैं। जहां कांग्रेस गहलोत और पायलट जैसे नेताओं की लोकप्रियता पर भरोसा कर रही है, वहीं भाजपा प्रवासी समुदाय के संगठनों के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार चुनाव में यह राजस्थानी फैक्टर इस बार कई सीटों पर साइलेंट इफेक्ट डाल सकता है। दोनों दलों के बीच अब मुकाबला केवल घोषणाओं और चेहरों का नहीं, बल्कि जमीनी जुड़ाव और जातीय-सामाजिक समीकरणों के बीच सटीक तालमेल का है।

## बाबा श्याम जन्मोत्सव 1 नवंबर को, खाटू नगरी बनेगी भक्ति का केंद्र, 2600 जवान रहेंगे तैनात

भीलवाड़ा फोकस @ रींगस



राजस्थान की धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी एक बार फिर आस्था और भक्ति के रंगों में रंगने को तैयार है। देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर 1 नवंबर को बाबा श्याम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। देशभर से लाखों श्रद्धालु इस दिव्य पर्व में शामिल होने खाटू पहुंचेंगे। अनुमान है कि इस बार करीब 10 लाख भक्त बाबा के दर्शन के लिए उमड़ेंगे, जिनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए 2600 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

जन्मोत्सव पर्व को लेकर थाना प्रभारी पवन कुमार चौबे ने रविवार को अपनी टीम के साथ दर्शन मार्ग और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में 1100 पुलिसकर्मी, 500 होमगार्ड, 1000 निजी सुरक्षा गार्ड सहित कई वरिष्ठ अधिकारी तैनात रहेंगे। भीड़ और यातायात की स्थिति पर निगरानी रखने के लिए दो ड्रोन कैमरे लगाए जाएंगे, जो मेले की रियल टाइम मॉनिटरिंग करेंगे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार 52 बीघा की विशाल पार्किंग, सांवलपुरा, आपणी श्याम पाठशाला सहित कुल चार स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। पैदल आने वाले भक्तों की भीड़ बढ़ने पर मेला डायवर्जन योजना के तहत उन्हें चारणखेत, लखदातार ग्राउंड और 75 फीट ग्राउंड से होते हुए मंदिर की ओर लाया जाएगा, ताकि दर्शन मार्ग पर अव्यवस्था न फैले।

वहीं, श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चौहान ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर शाम को बाबा श्याम को छप्पन भोग लगाया जाएगा, साथ ही विशेष श्रृंगार और भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। पूरे मंदिर परिसर को फूलों, रोशनी और झिलमिल सजावट से सजाया जा रहा है, ताकि हर भक्त को एक अद्भुत दिव्य अनुभव मिल सके। नगर में इस समय उत्सव का माहौल है। बाजारों में जय श्री श्याम के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है। श्रद्धालु भजनों और कीर्तन की धुनों पर झूमते नजर आ रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नियमों का पालन करते हुए शांति व अनुशासन बनाए रखें, ताकि यह ऐतिहासिक आयोजन श्रद्धा और सुरक्षा दोनों का संगम बन सके।

## प्रदेश के सभी स्कूलों में अब एक जैसी यूनिफॉर्म

**शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए परिचय पत्र अनिवार्य : शिक्षा मंत्री मदन दिलावर**


भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

प्रदेश के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि आगामी शैक्षणिक सत्र से राजस्थान के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में विद्यार्थियों की एक जैसी यूनिफॉर्म होगी। नया शैक्षणिक सत्र अब 1 अप्रैल से शुरू किया जाएगा।

दिलावर ने बताया कि नई यूनिफॉर्म में टाई शामिल नहीं होगी, और शीघ्र ही शिक्षकों के लिए भी निर्धारित वर्दी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए परिचय पत्र आईडी कार्ड रखना अनिवार्य होगा।

मंत्री दिलावर सोमवार को कोटा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र की नई समय-सारणी से विद्यार्थियों को समय पर किताबें मिलेंगी और गर्मियों की छुट्टियों में पढ़ाई का पर्याप्त समय उपलब्ध रहेगा।

दिलावर ने बताया कि अब शिक्षा, पंचायती राज और संस्कृत शिक्षा विभाग के कार्यालयों की कार्यवाही राष्ट्रगान



से प्रारंभ होगी और राष्ट्रगीत से समाप्त की जाएगी। इसके बाद ही कर्मचारियों की हाजिरी ली जाएगी। मंत्री ने कहा कि अब विद्यालय में विद्यार्थी की उपस्थिति की जानकारी अभिभावकों को शाला दर्पण पोर्टल से जुड़े मोबाइल नंबर पर स्वतः मिलेगी। यदि कोई छात्र स्कूल नहीं पहुंचेगा तो उसका संदेश सीधे माता-पिता को भेजा जाएगा, ताकि वे अपने बच्चों की गतिविधियों से अवगत रह सकें।

दिलावर ने कहा कि विभाग इस व्यवस्था को शीघ्र लागू करने जा रहा है। इससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

## साइकिल से करेंगे चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

**गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने निकले शाहपुरा के दो युवा**




भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी।**

शाहपुरा क्षेत्र के खामोर गांव के दो युवा किशन गुर्जर और राहुल प्रजापत गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ देशव्यापी साइकिल यात्रा पर निकले हैं। दोनों बिना बस, ट्रेन या किसी वाहन के सहारे 18 माह में चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे।

सोमवार को शाहपुरा पहुंचने पर त्रिमूर्ति स्मारक परिसर में गौसेवकों ने दोनों यात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। युवाओं का कहना है कि यह यात्रा गौ-संरक्षण और सनातन संस्कृति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है।

उनकी यात्रा ओंकारेश्वर से शुरू होकर उज्जैन, सोमनाथ, रामेश्वरम, जगन्नाथपुरी, काशी, बद्रीनाथ, केदारनाथ और नेपाल के पशुपतिनाथ सहित देशभर के प्रमुख तीर्थों से गुजरेगी। रास्ते में वे मंदिरों और गौशालाओं में रुककर सेवा कार्य भी करेंगे।

दोनों का लक्ष्य इस यात्रा को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराना और देशभर में गौमाता के सम्मान का संदेश फैलाना है। शाहपुरा और खामोर क्षेत्र में इन युवाओं के साहस और आस्था की चर्चा जोरों पर है।

## कोटा-चित्तौड़ हाईवे पर बड़ा हादसा: अनियंत्रित बस पलटी, एक दर्जन यात्री घायल

**बारिश और तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, ग्रामीणों ने तोड़ी खिड़कियां और बचाई यात्रियों की जान**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

कोटा-चित्तौड़ हाईवे पर सोमवार सुबह खड़ीपुर गांव के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक निजी यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में चीख-पुकार के बीच ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और खिड़कियां तोड़कर यात्रियों की जान बचाई। बस में करीब 25 से 30 लोग सवार थे, जिनमें से एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से कोटा न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे हुआ जब कोटा से चित्तौड़गढ़ की ओर जा रही बस बारिश के कारण फिसलन भरी सड़क पर संतुलन खो बैठी और पलट गई। कुछ यात्रियों को बस में फंसे देखकर ग्रामीणों ने तुरंत शीशे तोड़े और एक-एक कर बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई।

थाना पुलिस ने बताया कि हादसे की प्राथमिक वजह तेज रफ्तार और फिसलन भरी सड़क मानी जा रही है, हालांकि



वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हटवाकर यातायात को सुचारू किया। घायलों में कुणाल (5), हिमांशु (5), सीमा गोस्वामी (38), उमर खान (42), लवली (42), मुकेश कुमार



(17), जितेंद्र कुमार (27), कृष्णा (15), मदन (25), राजेंद्र (40), प्रेम (40), बनवारी बाई (35) और सामरिया (17) शामिल हैं।

डॉक्टरों ने बताया कि एक बच्चे के सिर पर गंभीर चोट आई है, जबकि बाकी यात्रियों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

CMYK

# बनास बचाओ आंदोलन , ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू, प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। आकोला क्षेत्र में बनास नदी को बचाने की लड़ाई अब जनआंदोलन का रूप लेने लगी है। सोमवार को ग्रामीणों ने बनास बचाओ आंदोलन के तहत अवैध बजरी खनन के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि महादेव एंक्लेव प्रा. लि. द्वारा बनास नदी के प्लॉट नंबर 7 पर जेसीबी मशीनों से बड़े पैमाने पर अवैध खनन जारी है, जो उच्च न्यायालय के आदेशों की खुली अवहेलना है। ग्रामीणों ने कहा कि यह सब कुछ स्थानीय प्रशासन और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से संभव हो रहा है, क्योंकि लगातार शिकायतें और ज्ञापन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासनिक लापरवाही से आक्रोशित ग्रामीणों ने चांदगढ़ देवनारायण मंदिर के पास सार्वजनिक प्रतीक्षालय में शांतिपूर्ण धरना प्रारंभ किया और घोषणा की कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं। धरना स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और बनास बचाओ गांव बचाओ के नारे लगाकर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने कहा कि यह सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा है, जिसे बचाना अब हर व्यक्ति का कर्तव्य बन गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने माँग रखी है कि बनास नदी में चल रही सभी जेसीबी मशीनों को तुरंत बंद कराया जाए, बजरी निकासी केवल मजदूरों से करवाई जाए, ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई हो, चरागाह भूमि को हुए नुकसान की भरपाई के लिए देवस्थान पर पौधारोपण कराया जाए, कंपनी से लिखित में लिया जाए कि दोबारा मशीनें नदी में नहीं उतारी जाएंगी, ठेकेदार से नदी की खुदाई से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति वसूली जाए, उसके कर्मचारियों की जांच कराई जाए और कब्जाई गई चरागाह भूमि को तुरंत मुक्त कराया जाए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि और स्थानीय अधिकारी खननकर्ताओं के साथ मिलकर इस पूरे खेल में शामिल हैं, इसलिए शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिससे प्रशासन को जवाब देना ही पड़ेगा। धरनास्थल पर माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन ग्रामीणों का जोश देखते ही बनता था। लोगों ने साफ कहा कि बनास नदी हमारी पहचान और आस्था का प्रतीक है इसे किसी भी कीमत पर बर्बाद नहीं होने देंगे।

## शाही पीपला में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पत्नी की मृत्यु से था अवसाद में

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

**विक्रम सिंह ।** क्षेत्र के शाही पीपला निवासी अमरा भील ने बीती रात शराब के नशे में अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि मृतक की पत्नी की मृत्यु एक महीने पहले हो जाने के कारण वह गहरे अवसाद में था। घटना की सूचना मिलते ही काछोला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को काछोला अस्पताल ले जाया गया । मृतक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## निःशुल्क चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का हुआ शुभारंभ



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने और लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा एवं थायरोकेयर लैब मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नटराज हॉस्पिटल में चार दिवसीय विशाल निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं जन-जन तक पहुंचाने का यह सराहनीय प्रयास है। ऐसे आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि चिकित्सा संसाधनों की कमी को भी दूर करने में सहायक हैं।

पहले दिन 36 मरीजों ने शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया और थायराइड, शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य सामान्य जांचें करवाई। यह शिविर 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 7 से 11 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने की, जबकि थायरोकेयर लैब के डॉ. राजेंद्र लखारा, संरक्षक डॉ. दुर्गा शंकर मेहर, परिषद अध्यक्ष नानालाल धाकड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंसार खान, मनोज सनाढ्य, एवं शिविर प्रभारी हेमेन्द्र धाभाई सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# बाणमाता शक्तिपीठ में लगी आग से पीड़ित दुकानदारों के लिए मुआवजे की मांग, विधायक और एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।




दीपावली पर्व के दिन बाणमाता शक्तिपीठ, गोवटा बांध परिसर में लगी भीषण आग से 13 दुकानें जलकर राख हो गई थीं। इस घटना में दुकानदारों का लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। सोमवार को श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान की ओर से पीड़ित दुकानदारों के साथ विधायक गोपाललाल शर्मा और उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा को ज्ञापन सौंपकर आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की गई। संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आगजनी में निर्धन दुकानदारों का न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक नुकसान भी हुआ है। दीपावली जैसे पर्व पर इस हादसे ने परिवारों की खुशियाँ छीन ली हैं। संस्थान ने मुख्यमंत्री के नाम भेजे ज्ञापन के माध्यम से प्रभावित दुकानदारों को शीघ्र राहत राशि और पुनर्वास सहायता प्रदान करने की मांग की है। संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष जगपाल सिंह पुरावत, महामंत्री अमित जोशी, लेखाकार प्रदीप पोरवाल सहित समिति सदस्यों ने बताया कि यह स्थल मेवाड़ के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहाँ हर वर्ष हजारों श्रद्धालु दीपावली पर दर्शन के लिए पहुंचते हैं। आगजनी की घटना से न केवल दुकानदार बल्कि श्रद्धालु भी व्यथित हैं। उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा ने कहा कि दीपावली पर शक्तिपीठ परिसर में हुई आगजनी की घटना अत्यंत दुखद है। नुकसान का आंकलन करने के लिए तीन अधिकारियों की कमेटी गठित की गई है। रिपोर्ट मिलते ही जिला कलक्टर को प्रकरण भेजकर सरकारी सहायता दिलाने के लिए सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश के बावजूद घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, पूर्वांचल जन चेतना सेवा समिति ने संभाली व्यवस्था



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

लोक आस्था के महापर्व छठ का उत्सव सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम को हजारों श्रद्धालुओं ने मानसरोवर झील, वाटर वर्क्स, नेहरू तलाई, पटेल नगर विस्तार और देवनारायण सर्किल स्थित घाटों पर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

हल्की बारिश और ठंडी हवाओं के बावजूद श्रद्धालुओं का जोश बरकरार रहा। पूर्वांचल जन चेतना सेवा समिति ने सुबह से ही घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवस्था की कमान संभाली। समिति अध्यक्ष अरुण कुमार राय ने बताया कि प्रशासन की ओर से एसडीआरएफ, मेडिकल टीम, पुलिस और अग्निशमन दल की तैनाती की गई, साथ ही नगर परिषद ने सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की।

शाम ढलते ही घाटों पर दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों की गूंज से वातावरण आध्यात्मिक हो उठा। व्रती महिलाओं और पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में जल में खड़े होकर सूर्यदेव की आराधना की।

यह पर्व मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न होगा, जिसके बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत पूर्ण करेंगे।

समिति पदाधिकारी डॉ. अशोक सिंह, रोशन सिंह, सुरेश चंद्रवंशी, कामेश्वर शाह सहित कई सदस्य घाटों पर मौजूद रहे। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने आस्था की अमिट मिसाल पेश की।

# शाहपुरा में नाला निर्माण के सर्वे का शुभारंभ

### कॉलोनियों को मिलेगी गंदे पानी की समस्या से राहत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा -

**मूलचन्द पेसवानी।** शाहपुरा नगर में लंबे समय से चली आ रही जलभराव और गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान की दिशा में सोमवार को नाला निर्माण कार्य के सर्वे का शुभारंभ हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर कार्य की रूपरेखा जानी और गुणवत्ता व समयबद्धता पर जोर दिया।

करीब 2200 मीटर लंबे इस नाले के निर्माण पर 3.42 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह नाला अ.वि.वि.एन.एल. कार्यालय के पीछे से शुरू होकर कुण्ड गेट स्कूल होते हुए नगरपालिका भूमि तक बनाया जाएगा। सर्वे पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

इस परियोजना से आदर्श नगर, रामपुरा बस्ती, असावा नगर, गौकुल लाल असावा कॉलोनी और इंदिरा कॉलोनी जैसे क्षेत्रों को बरसाती जलभराव से राहत मिलेगी।



पालिका अध्यक्ष सोनी ने कहा कि यह परियोजना शहर को स्वच्छ और विकसित बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल पर संतोष जताते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## भील बस्ती में युवक ने फंदे से झूलकर दी जान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

कस्बे की भील पुरिया बस्ती में रविवार देर रात एक 40 वर्षीय युवक ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता सोमवार सुबह तब चला, जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो युवक फंदे से लटका मिला।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कस्बा स्थित अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया।

हैड कांस्टेबल हरि सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान शंकर पुत्र गोकुल भील, निवासी भील बस्ती, बिजोलिया के रूप में हुई है। शंकर रविवार देर रात अपने कमरे में सोने गया था, जबकि उसकी पत्नी बाहर सो रही थी। सोमवार सुबह देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को शक हुआ। झांककर देखा तो शंकर का शव लुगड़ी के फंदे से लटका हुआ मिला।

सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अस्पताल पहुंचाया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि मृतक मजदूरी करता था। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## QUICK BITES

### झमाझम बारिश से खेतों में पड़ी फसलें बर्बाद , किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

**विक्रम सिंह ।** क्षेत्र में रविवार देर रात्रि से जारी झमाझम बारिश से जहां मौसम में ठंडक हो गई है, वहीं किसानों के लिए बारिश आफत बनकर आई है किसान कैलाश धाकड़ प्रेमचंद धोबी नारायण माली ने बताया लगातार हो रही वर्षा के चलते खेतों में पानी भर गया है, जिससे कई किसानों की पकी और कटी हुई फसलें पूरी तरह खराब हो गई हैं

ग्रामीण क्षेत्रों काछोला ,सरथल्ला ,राजगढ़ थल और आसपास के गांवों में खेतों में रखी फसलें भीगकर सड़ने लगी हैं। किसानों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से मौसम साफ था, जिसके चलते कई लोगों ने खेतों से फसल काट ली थी, लेकिन अचानक हुई रातभर बारिश से सारी मेहनत पर पानी फिर गया । तापमान में गिरावट आने के कारण क्षेत्र में ठंडक बढ़ गई है लोग गर्म कपड़े और अलाव का सहारा लेने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे तक रुक-रुक कर वर्षा जारी रहने की संभावना है

### वैष्णव समाज की बैठक संपन्न, रामानंदाचार्य जी की जयंती महोत्सव की तैयारी शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



कस्बे में वैष्णव समाज की बैठक बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बैठक में वैष्णव समाज के आराध्य स्वामी रामानंदाचार्य की जयंती महोत्सव को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और आगामी आयोजन को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता नव निर्वाचित अध्यक्ष पूर्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. कैलाश चंद्र वैष्णव ने की। उन्होंने कहा कि वैष्णव समाज का यह महोत्सव समाज की एकता और संस्कारों का प्रतीक है। समाज के सभी लोगों को मिलकर आयोजन को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामानंदाचार्य के बताए मार्ग पर चलकर समाज को नई दिशा देने की जरूरत है। बैठक के दौरान वैष्णव समाज की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर डॉ. कैलाश चंद्र वैष्णव, संरक्षक डॉ. राधेश्याम वैष्णव, कोषाध्यक्ष रामपाल वैष्णव, सचिव सोहनलाल वैष्णव, उपाध्यक्ष भरत दास वैष्णव तथा संगठन मंत्री महेश वैष्णव को चुना गया। नवगठित कार्यकारिणी का समाजजनों ने माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया। पदाधिकारियों ने बालाजी मंदिर में हनुमान जी के चरणों में आशीर्वाद लिया और समाज सेवा के कार्यों को और गति देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महंत कमलदास वैष्णव, कृष्ण गोपाल वैष्णव, महावीर दास वैष्णव, भंवर दास वैष्णव, लोकेश वैष्णव, संजय वैष्णव, अरुण वैष्णव, मुकेश वैष्णव, सांवरा वैष्णव, शांतिलाल वैष्णव, सत्यनारायण वैष्णव, जगदीश वैष्णव, शिव वैष्णव और पत्रकार प्रदीप वैष्णव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सोहनलाल वैष्णव ने किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# बोराणा में 102 यूनिट रक्तदान, भारतीय सेना को समर्पित किया गया श्रद्धा और शौर्य का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




ग्रामवासियों के सहयोग और सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में बोराणा में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित रक्तदान शिविर में देशभक्ति का जोश देखने को मिला। युवाओं ने भारत माता की जय और भारतीय सेना अमर रहे के नारों के साथ बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोराणा में आयोजित शिविर में कुल 102 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

शिविर संयोजक कैलाश चंद्र गाड़िया लौहार ने बताया कि यह शिविर लगातार दूसरे वर्ष आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ विधायक प्रत्याशी रूपलाल जाट, जिला परिषद सदस्य बलवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, पुष्कर राठौड़, मंडल महामंत्री भरत वैष्णव, सत्यनारायण पाराशर, शक्ति केंद्र प्रमुख मिश्रीलाल मेवाड़ा एवं समाजसेवी रोशन लाल खटीक ने भारत माता और महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।


रक्तदाता टीम बोराणा के मनीष रेगर, हिमांशु रेगर, दिव्यांश बोलीवाल, श्रीयांश बोलीवाल और अर्पित टेलर ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। महिला शक्ति ने भी प्रेरणादायी भागीदारी निभाई । लक्ष्मी देवी गाड़िया लौहार और लक्ष्मी देवी वैष्णव ने रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया।

सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि सभी रक्तवीरों को रक्तदाता सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रक्त संग्रह का कार्य कोटड़ी श्याम ब्लड सेंटर की टीम द्वारा किया गया।

# सवाईपुर क्षेत्र में लगातार बारिश का दौर रहा जारी

## चारा और कुट्टी भीगी, पर रबी की फसलों को फायदे का अनुमान

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर




**(सांवर वैष्णव)।** सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। देर रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला सुबह तक जारी रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में ठंडक का अहसास रहा। करीब 10 घंटे से लगातार रिमझिम और मध्यम गति की बारिश से खेतों, गलियों और सड़कों पर पानी भर गया।

सुबह तीन बजे से ही सवाईपुर, सोपुरा, सालरिया, ढेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, रेड़वास, कुड़ी, खजीना, सोलंकिया का खेड़ा और कांदा सहित आसपास के गांवों में झमाझम बरसात का दौर चला। बरसात से हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई, वहीं कई चालक हैंड लाइट जलाकर गुजरते नजर आए। लगातार बरसात से खेतों में कटी हुई मक्का की फसलें भीगने से किसानों को नुकसान हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं का चारा और कुट्टी भी भीग जाने से खराब हो गई, जिससे पशुपालकों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि किसानों का मानना है कि यह बारिश आने वाली रबी की फसलों के लिए वरदान साबित होगी। मिट्टी में नमी बढ़ने से गेहूं, चने और सरसों की बुवाई के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो गया है।

# मांडलगढ़ में मौसम ने बदली करवट- आधी रात से चली तेज हवाएं, झमाझम बारिश से ठंडक का अहसास , किसानों की फसलें भीगीं

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में सक्रिय चक्रवातों के असर से रविवार रात मांडलगढ़ क्षेत्र का मौसम अचानक बदल गया। आधी रात के बाद से तेज हवाएं चलने लगीं और घने बादलों ने पूरे इलाके को ढक लिया। देर रात शुरू हुई हल्की बरसात ने सोमवार सुबह झमाझम रूप ले लिया, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम ठंडा हो गया।

सुबह से ही क्षेत्र में रुक-रुक कर बारिश जारी रही। तेज हवा और फुहारों के बीच सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। कई स्थानों पर चालक हैंड लाइट जलाकर वाहन चलाते नजर आए। ग्रामीण इलाकों में कीचड़ और फिसलन के कारण लोगों को आवाजाही में भी दिक्कतें आईं।

बारिश के चलते कस्बे सहित आसपास के गांवों में खेतों में कटी पड़ी फसलें भीग गईं। किसानों ने बताया कि बारिश से मक्का की फसल सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है, क्योंकि कटाई के बाद दाने सुखाने के लिए खेतों में ही रखे गए थे। वहीं पशुओं का चारा और कट्टी भी भीग जाने से नुकसान बढ़ गया है। स्थानीय किसानों का कहना है कि अगर अगले 24 घंटे तक मौसम साफ नहीं हुआ तो भीगी फसलें खराब हो सकती हैं, जिससे भारी नुकसान का खतरा है।

तेज हवाओं और लगातार बरसात से दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। मौसम में अचानक आए इस बदलाव से दिनभर ठंड का एहसास बना रहा और लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए।

# पारदर्शी लॉटरी आवंटन से जिला वासियों में खुशी की लहर, सफल आवेदकों ने सरकार व प्रशासन का जताया आभार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




नगर विकास न्यास यूआईटी द्वारा हाल ही में आयोजित भूखंड लॉटरी आवंटन प्रक्रिया से जिलेवासियों में उत्साह की लहर है। पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न इस प्रक्रिया में सफल आवेदकों ने राज्य सरकार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। वस्त्रनगरी में आयोजित इस लॉटरी प्रक्रिया को शासन की पारदर्शी नीति का उत्कृष्ट उदाहरण बताया जा रहा है।

लॉटरी में चयनित हुए आवेदकों ने सोमवार को सामूहिक रूप से आभार यात्रा निकालकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप 16 अक्टूबर को स्वायत्त शासन मंत्री झंवर सिंह खर्रा के आतिथ्य में लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न की गई, जिसमें उन्हें अपनी किस्मत का मीठा फल मिला।

लाभान्वित लोगो ने जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू और नगर विकास न्यास की निष्पक्ष भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासनिक टीम ने पूरी प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया, जिससे जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने लॉटरी में सफल हुए सभी आवेदकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि जिन आवेदकों ने आपत्तियां दर्ज कराई हैं, उनकी सुनवाई भी पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता से की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य हर नागरिक को निष्पक्ष अवसर प्रदान करना है, ताकि सभी को समान रूप से लाभ मिल सके। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन, नगर विकास न्यास और राज्य सरकार के समन्वय को लेकर जनता में सकारात्मक माहौल है। नागरिकों का कहना है कि इस तरह की निष्पक्ष प्रक्रियाएं जनता के विश्वास को और मजबूत करती हैं तथा विकास की दिशा में नई उम्मीदें जगाती हैं।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म मामले में दोषी को 10 साल की सजा

## पोक्सो कोर्ट ने लगाया 25 हजार रुपए का जुर्माना, 11 गवाहों के आधार पर हुआ अपराध सिद्ध


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पोक्सो कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो-2 अर्चना मिश्रा की अदालत ने सोमवार को दोषी करार दिए गए युवक को 25 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। विशिष्ट लोक अभियोजक अनिलकुमार शुक्ला ने बताया कि मामला सुभाषनगर थाना क्षेत्र का है। परिवादिया ने 20 अप्रैल 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री दूध लेने दुकान पर गई थी, जो काफी देर तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। महिला ने शक जताया कि उसकी पुत्री को एक युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और कुछ समय बाद पीड़िता को दस्तयाब किया। बयान में पीड़िता ने बताया कि वह युवक से पहले से परिचित थी। वह दोस्ती के बहाने उसे मोटरसाइकिल पर अपने साथ ले गया और करीब एक माह तक विभिन्न स्थानों पर रखकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 11 गवाहों और 27 दस्तावेजों के माध्यम से अपराध को सिद्ध किया। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

## वरिष्ठ अधिवक्ता गोपीचंद वासवानी का निधन, विधिक जगत में शोक की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। अभिभाषक संस्था शाहपुरा के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपीचंद वासवानी का सोमवार को चित्तौड़गढ़ में असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से विधिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। वासवानी लंबे समय से शाहपुरा में अधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे रहे थे। कानून की गहरी समझ, सौम्य स्वभाव और समाज सेवा के प्रति समर्पण के कारण वे सभी में सम्मानित थे। संस्था पदाधिकारियों ने उनके निधन को न्यायिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया और श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था ने दिवंगत आत्मा की शांति व परिजनों को धैर्य देने की कामना की। शोक के चलते बार एसोसिएशन का दीपावली स्नेह मिलन समारोह निरस्त कर दिया गया।



## भाणा गणेश अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, आकर्षक झांकियों ने खींचा श्रद्धालुओं का ध्यान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। शहर के बड़े गणपति भाणा गणेश मंदिर में अन्नकूट महोत्सव धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और मंदिर परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठा। पुजारी जितेंद्र शर्मा के सान्निध्य में विधिवत अभिषेक और भव्य श्रृंगार के बाद गणेशजी को विविध व्यंजनों सहित मोदक का भोग लगाया गया। श्याम सेवा समिति द्वारा सजाई गई गिरिराज धरण श्री नाथ जी और गणपति की भव्य झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। मंदिर परिसर और मार्गों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और तोरण द्वारों से सजाया गया। रात को हुई आतिशबाजी ने महोत्सव को और भव्य बना दिया। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका की ओर से बने लगभग 39 लाख रुपए की लागत वाले नवनिर्मित हॉल को लेकर पालिकाध्यक्ष रघुनंदन सोनी का शाल-साफ़ा पहनाकर सम्मान किया गया। आयोजन में श्याम सेवा समिति, प्रशासन और श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग से पूरा शाहपुरा गणेश भक्ति में डूबा रहा।





## श्मशान घाट बना लापरवाही का प्रतीक, बारिश में भीगते हुए हुआ बुजुर्ग का अंतिम संस्कार, पंचायत प्रशासन बेखबर

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश) पंचायत समिति क्षेत्र के चिकल्या गांव में सोमवार को हुई मावट की बारिश ने पंचायत प्रशासन की लापरवाही की पोल खोल दी। गांव के 70 वर्षीय उदा लाल पुत्र छोटू मीणा के अंतिम संस्कार के दौरान श्मशान घाट पर टीन शेड नहीं होने से परिजन और ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के बीच शव यात्रा जब श्मशान घाट पहुंची, तो बारिश से बचाव का कोई इंतजाम नहीं था। नतीजतन शव, परिजन और ग्रामीण सभी भीगते रहे। पंचायत की नाकामी का नजारा देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से टीन शेड निर्माण की मांग लंबित है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर चुप बैठ जाते हैं। हर बरसात में ग्रामीणों को यही तकलीफ झेलनी पड़ती है। अस्थायी जुगाड़ से ग्रामीणों ने किसी तरह अंतिम संस्कार संपन्न किया, लेकिन इस दर्दनाक स्थिति ने पंचायत की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी टीन शेड निर्माण नहीं किया गया तो पंचायत कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।



## बरसात से बदला मौसम, किसानों की बढ़ी चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

**जसवंत पारीक,** कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को दिनभर हुई झमाझम बरसात से मौसम में बदलाव आ गया है। बरसात के चलते जहां ठंडक बढ़ गई है, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। कई किसानों की मक्का और उड़द जैसी फसलें अभी खेतों में पड़ी हुई हैं, जो नमी से खराब होने का खतरा बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर, कुछ किसान आगामी बुवाई को लेकर भी असमंजस में हैं। मौसम में आए इस अचानक परिवर्तन ने खेतों में नई चुनौती खड़ी कर दी है।

## QUICK BITES

### महुआ में 8 ग्राम पंचायतों की महिलाओं ने बहिन दूज कार्यक्रम मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।



**महावीर वैष्णव ।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में मांडलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायत की महिलाओं ने बहिन दूज कार्यक्रम का आयोजन किया।सोनिया शर्मा ने बताया कि 8 ग्राम पंचायतों की राजीविका की महिलाओं एवं एकल नारी महिलाओं ने बहिन दूज का कार्यक्रम मनाया । जिसमें सभी बहनों ने एक दूसरे की हाथ की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगा कर बहिन दूज कार्यक्रम मनाया।डीजे की धुन पर राजस्थानी,भजनों पर नाच गान किया गया।इस मौके पर ब्लॉक कमेटी सदस्य सुरज कंवर,मनफूल कंवर,नंदू देवी शर्मा,आदिशी बानू,गीता देवी धाकड़ सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

### महुआ प्रीमियर लीग का हुआ समापन, महुआ चैलेंजर्स बनी विजेता टीम

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ




(महावीर वैष्णव)। कस्बे में आयोजित महुआ प्रीमियर लीग का रविवार देर रात समापन हुआ। फाइनल मुकाबला महुआ सुपर किंग्स और महुआ चैलेंजर्स के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद महुआ चैलेंजर्स ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विकास माली को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। वहीं नवीन शर्मा को बेस्ट बैट्समैन और सागर कंजर को बेस्ट बॉलर का खिताब मिला। विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरण के दौरान खिलाड़ियों और आयोजकों का उत्साह देखते ही बनता था।

समापन समारोह में मांडलगढ़ पंचायत समिति के प्रधान जितेंद्र मुंदड़ा, दौलपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि मुकेश खटीक, समाजसेवी उमेश जोशी, कृष्ण गोपाल सिंह, जितेंद्र प्रजापत, अरविंद शर्मा, रामकिशन धाकड़, मुकेश माली और रोचित जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक शुभम तिवारी रहे ।

### बिजोलिया में झमाझम बारिश से मौसम सुहावना, लेकिन किसानों के लिए आफत बनी बरसात

भीलवाड़ा फोकस @बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी ।** क्षेत्र में रविवार देर रात से शुरू हुई झमाझम बारिश सोमवार शाम तक रुक-रुक कर जारी रही। इस बारिश ने जहां पूरे इलाके का मौसम ठंडा और सुहावना बना दिया, वहीं किसानों के लिए यह बरसात परेशानी लेकर आई। लगातार हो रही वर्षा के चलते खेतों में पानी भर गया है, जिससे कई किसानों की पकी और कटी हुई फसलें पूरी तरह खराब हो गई हैं। किसान दीपक धाकड़ ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ रहने के कारण किसानों ने फसलें काटकर खेतों में रख दी थीं। लेकिन रविवार रात से शुरू हुई बारिश ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में रखी फसलें भीग जाने से सड़ने लगी हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के चलते दिनभर बादल छाए रहे और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ठंडी हवाओं के कारण क्षेत्र में सर्दी का अहसास बढ़ गया है। लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए हैं और कई जगहों पर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते देखे गए। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक रुक-रुक कर बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।